पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-13 मंगलवार, दिनांक- 15 जुलाई, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.20 बजे अप० तक

[1] **प्रश्नोत्तरकाल :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 12 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iii) 64 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **कार्यस्थगन :-**

माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा दिये गये कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किये जाने की घोषणा आसन से की गई ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया -

(i) श्री प्रदीप कुमार
(ii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(iii) श्री राजकुमार राय
(iv) श्री दिनेश कुमार सिंह
(v) श्रीमती पूनम देवी यादव
(vi) श्री राजेश्वर राज
(vii) श्री ललन राम
(viii) श्री तारकिशोर प्रसाद
(ix) श्री जनक सिंह
(x) डा० इजहार अहमद
(xi) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

[4] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) माननीय प्रभारी मंत्री वित्त श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 2013 को समाप्त हुए वर्ष का सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक प्रक्षेत्र पर प्रतिवेदन की प्रति को सभा पटल पर रखा गया तथा इसके जनता में बिक्री के लिए प्राप्य हो का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(ii) माननीय प्रभारी मंत्री वित्त श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 2013 को समाप्त हुए वर्ष का सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों पर प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया तथा इसके जनता में बिक्री के लिए प्राप्य हो का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(iii) माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग के वर्ष 2013-2014 का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iv) माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15 के ''बाल-कल्याण योजनाओं के लिए बजट'' की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(v) माननीय सभापति लोक लेखा समिति श्री ललित कुमार यादव द्वारा समिति का 530, 531, 532, 533, 534 एवं 536वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[5] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री प्रेम रंजन पटेल एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा सरकार द्वारा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य डा० प्रमोद कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

भोजनावकाश के बाद

समय- 2.00 बजे अप० से 5.02 बजे अप० तक ।

[6] वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद एवं मतदान :-''ग्रामीण विकास विभाग''

माननीय मंत्री श्री नीतीश मिश्रा द्वारा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के अनुदान की मांग पर विचार विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा अपना पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(i) श्रीमती उषा सिन्हा
(ii) श्री ललित कुमार यादव
(iii) श्री डा० मो० जावेद
(iv) श्रीमती रेणु देवी
(v) श्री अवधेश कुमार राय
(vi) श्री राज कुमार राय
(vii) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(viii) डा० अरूण कुमार
(ix) श्री विनोद कुमार सिंह
(x) श्री प्रदीप कुमार

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xi) श्रीमती उषा विद्यार्थी

माननीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग सभा द्वारा स्वीकृत हुई ।

[7] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 19 (उन्नीस) निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक बुधवार, 16 जुलाई, 2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-15 जुलाई, 2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।